# ट्रांस गंगा सिटी, उन्नाव में जल्द स्थापित होगा एलिम्को का वेयरहाउस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/कानपुर

**● यूपीसीडा ने ट्रांस गंगा सिटी में एलिम्को को वेयरहाउस की स्थापना के लिए आवंटित की 13,532.82 वर्ग मीटर भूमि**

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करने में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राधिकरण ने प्रदेश सरकार की नीतियों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपनी नीतियों में भी बदलाव करते हुए बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किया है। इसी कड़ी में, प्राधिकरण ने ट्रांस गंगा सिटी में एलिम्को को वेयरहाउस की स्थापना के लिए 13,532.82 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की है। इस वेयरहाउस की स्थापना से 1 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ होने की संभावना है। मालूम हो कि एलिम्को एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो भारत सरकार के अंतर्गत आता है। इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों को पुनर्वास सहायता प्रदान करना है। यह निगम दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 'स्टेट ऑफ द आर्ट' सहायक उपकरण और साधनों का निर्माण करता है और एडिप (एकीकृत दिव्यांगजन सहायता योजना) और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। एलिम्को न केवल इन उपकरणों का मैन्युफैक्चर करता है, बल्कि दिव्यांग व्यक्तियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। इसके प्रमुख उत्पादों में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर और कान के पीछे की हियरिंग एड मशीन शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी वृद्ध जन और दिव्यांगजनों के ऊपरी और निचले अंगों के लिए ऑर्थोटिक और प्रोस्थेटिक उपकरण, स्पाइनल ब्रेसेस, सर्वाइकल कॉलर, ट्रैक्शन किट्स, और पुनर्वास सहायता जैसे व्हीलचेयर, क्रचेस, और ट्राई व्हीलर भी बनाती है।